तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 13 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 राज्यपाल ने निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और सरपंचों से की मुलाकात



## खबर संक्षेप

### रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना जारी

**कोरबा।** जिले के आकांक्षी ब्लॉक कोरबा एवं पोंड़ी उपरोड़ा के लिए कुल 2 आकांक्षात्मक ब्लाक साथी का पत्र मौजूरा संविदा से आउटसोर्सिंग प्रक्रिया में परिवर्तित करने के प्राप्त निर्देश के आलोक में आउटसोर्सिंग एजेंसी/एन.जी.ओ. के चयन के लिए नियमानुसार निर्धारित प्रारूप में रूचि कि अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदक द्वारा अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में 18 जुलाई के शाम 5.30 बजे तक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, कलेक्टोरेट में जमा किया जा सकता है।

### सिविल सेवा परीक्षा के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग

**कोरबा।** जिला प्रशासन एवं एनटीपीसी द्वारा निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों को रायपुर में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण, भोजन और शिक्षण उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की जा रही है। यह योजना जिले के उन मेहनती और प्रतिभावान युवाओं के लिए वरदान साबित होगी जो आर्थिक चुनौतियों के कारण अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पाते। एक वर्ष की इस पूर्णतः निःशुल्क आवासीय कोचिंग में आपको ब्ळच्ैब प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा की गहन तैयारी करवाई जाएगी। इतना ही नहीं, यदि आप साक्षात्कार के लिए चयनित होते हैं, तो उसके लिए भी विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। सोचिए, रायपुर जैसे बड़े शहर में उच्च स्तरीय कोचिंग, रहने और खाने का पूरा खर्च अब जिला प्रशासन एवं एनटीपीसी उठाएगा।

### मेरिट सूची के आधार पर कक्षा 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया

**कोरबा।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11वी में रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 7 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय के अनुसार 7 जुलाई तक प्राप्त आवेदनों का कक्षा 10 वीं में प्राप्तांक के आधार पर मैरिट सूची से चयन किया जाएगा। मैरिट सूची के प्रकाशन की घोषणा अलग से की जाएगी। कक्षा 11वी में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा नहीं होगी।

### खाद-बीज की उपलब्धता से किसानों को मिल रहा प्रोत्साहन

कोरबा। जिले के ग्राम जामबहार के किसान श्री जगत पाल सिंह जो इस वर्ष शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अत्यंत संतुष्ट और प्रेरित हैं। 22 एकड़ भूमि में खेती करने वाले श्री सिंह ने इस खरीफ सीजन में सहकारी समिति सोनपुरी पहुंच कर यूरिया और डीएपी उर्वरक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस बार उन्हें न तो लाइन में लगना पड़ा और न ही किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ा। जगत पाल सिंह कहते हैं, सरकार की यह योजना हम जैसे किसानों के लिए बहुत सहायक सिद्ध हो रही है। सहकारी समिति से मुझे समय पर खाद-बीज मिल गया, वो भी रियायती दर पर।

## मेडिकल अस्पताल प्रबंधन ने की नई पहल

# अब मरीजों को रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लंबी लाइन, आभा ने किया काम आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के मेडिकल कॉलेज में आम जनता को इलाज के लिए बेहतर से बेहतर सुविधा दिलाने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन लगातार काम कर रहा है। अब दूर दराज से इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को पूर्व में अपने रजिस्ट्रेशन के लिए लंबी कतार में खड़ा होना पड़ता था, किंतु अब मरीजों को छुटकारा मिल गया है। चंद सेकंड में ही उनका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। मेडिकल हॉस्पिटल प्रबंधन ने एक नई पहल की है। इसके लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने आभा नामक ऐप की शुरुआत की है। जहां इस ऐप के माध्यम से लोग अपने एंड्रायड फोन से रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। 2 दिन पहले ही जिले में इसकी शुरुआत की गई है।

### खास बात

- मोबाइल ऐप के माध्यम से मरीज करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

उल्लेखनीय है कि स्व.बिसाहू दास महंत मेडिकल कॉलेज जब से जिले में इसकी शुरुआत हुई है तब से यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित सारी सुविधा लोगों को मुहैय्या कराई जारही है। लगातार स्वास्थ्य सुविधा में वृद्धि भी हो रही है, जो जिले के लिए खुशी की बात है। क्योंकि अब लोगों को यहां वहां प्राइवेट निजी अस्पताल के दरवाजे खटखटाते नहीं पड़ते हैं और मोटी रकम भी खर्च नहीं करनी पड़ती है, बल्कि मेडिकल कॉलेज में ही आसानी से लोगों का इलाज हो जाता है। यही वजह है कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, लेकिन मरीजों की बढ़ती भीड़ की वजह से लोगों को रजिस्ट्रेशन सेंटर में लंबी लाइन लगानी पड़ती थी, क्योंकि यहां पहले कंप्यूटर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराना होता था और मरीजों को अपना नाम पिता का नाम सहित सारी हिस्ट्री बतानी पड़ती थी, जिसमें काफी समय लगता था। जिसके बाद उन्हें 5 रूपये देने के बाद उन्हें पर्ची दी जाती थी, लेकिन अब मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने आम जनता को रजिस्ट्रेशन में लंबी कतार में खड़ा ना होना पड़े इसके लिए उन्होंने एक नई शुरुआत की है, जहां आभा ऐप की सुविधा लागू की है। जिसमें आने वाले मरीज को एंड्रॉयड फोन के माध्यम से उन्हें आभा ऐप को डाउनलोड करना है, जिसमें सारी जानकारियां पहली बार दर्ज कराई जाएगी, जिसमें टोकन नंबर मिलते ही रजिस्ट्रेशन सेंटर में जाकर टोकन नंबर बताने के बाद उन्हें पर्ची दी जा रही है। फिलहाल अभी इसकी दो दिन पहले ही शुरुआत की गई है। आने वाले दिनों मेंधीरे-धीरे लोगों का बहिखाता मेडिकल अस्पताल प्रबंधन के ऐप में तैयार हो जाएगा और जब दूसरी बार मरीज घर बैठे ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा सकेगा और अस्पताल पहुंचते ही टोकन नंबर या पिता का नाम बताते ही उसकी सारी हिस्ट्री एक क्लीक में सामने आ जाएगी और उसे तत्काल पर्ची दे दी जाएगी। मेडिकल हॉस्पिटल के संयुक्त संचालक व सह अस्पताल अधीक्षक गोपाल कंवर ने बताया कि ऐप की शुरूआत कर दी गई है। आने वाले दो तीन दिनों में रजिस्ट्रेशन भी पूरी तरह निःशुल्क कर दिया जाएगा, ताकि आम जनता को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। काउंटर में टोकन नंबर बताने के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगेगा, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के मुताबिक ई-हॉस्पिटल सेल्फ रजिस्ट्रेशन के लिए आभा एप से क्यूआर कोड स्कैन करने पर तुरंत टोकन नंबर जारी हो जाता है। वहीं इसकी सूचना ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के कम्प्यूटर पर पहुंच जाती है, जहां टोकन नंबर के आधार पर नाम पुकारते हैं।



ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराते हुए मरीज।



काउंटर से पर्ची लेते मरीज।



चिकित्सक से इलाज कराता मरीज।

### चौथे वर्ष के लिए मेडिकल कॉलेज को एमसीआई से मिली स्वीकृति

स्व.बिशाहू दास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज के संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक गोपाल कंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि एमसीआई (नेशनल मेडिकल काउंसिल) ने स्व.बिसाहूदास महंत मेडिकल कॉलेज को चतुर्थ वर्ष के लिए अनुमति दे दी है। अब इस वर्ष भी 125 मेडिकल स्टूडेंटों की भर्ती होगी और यह सभी 125 मेडिकल के छात्र-छात्राएं यहां से मेडिकल की शिक्षा हासिल कर सकेंगे। जिले में जिले के मेडिकल हॉस्पिटल में अमूमन एक दिन में 800 से 1000 तक प्रतिदिन मरीज पहुंचते हैं और अपना ओपीडी में इलाज करते हैं।

### एक क्लिक में सारी हिस्ट्री आ जाएगी मरीज की

कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीज या उनके परिजन को अब ओपीडी में इलाज कराने के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर की लंबी कतार में खड़े होने या भागदौड़ करने की जरूरत नहीं। अस्पताल में डिजिटल सेवा शुरू हो गई है, इसमें ऐप इंस्टॉल करके क्यूआर कोड स्कैन करके तुरंत ओपीडी पर्ची हासिल की जा सकती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब ई-हॉस्पिटल सेल्फ रजिस्ट्रेशन (आभा) की सुविधा शुरू हुई है। आभा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के अंतर्गत तैयार ऐप है। मोबाइल में ऐप इंस्टॉल करने के बाद दिए गए निर्देश के आधार पर क्यूआर कोड स्कैन करने और जरूरी जानकारी सबमिट करने के बाद लोगों को पंजीकरण टोकन जारी हो जाता है। टोकन के आधार पर रजिस्ट्रेशन काउंटर से ओपीडी पर्ची कट जाएगी।

### ऐसे करें ई-हॉस्पिटल सेल्फ रजिस्ट्रेशन

ऐप के लिए एंड्रॉयड मोबाइल फोन के गूगल प्ले स्टोर में जाना होगा, फिर आभा ऐप वहां सर्च कर आप इंस्टॉल कर सकते हैं। ऐप पर रजिस्ट्रेशन के लिए दिए गए विकल्प को भरना होगा। आधार नंबर व मोबाइल नंबर की जानकारी भी देनी होगी। इसके बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। आधार कार्ड में दर्ज पेशेंट का नाम, उम्र, लिंग, पिता का नाम, पता खुद दर्ज हो जाएगा। आभा से टोकन नंबर जारी होगा, जिसके आधार पर रजिस्ट्रेशन काउंटर से ओपीडी पर्ची लेकर डॉक्टर के कक्ष में जाना होगा।



### स्कूली छात्रों के बीच वाद विवाद, ब्लेड से किया हमला

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत दादर माध्यमिक शाला में एक छात्र ने दूसरे छात्र पर ब्लेड से हमला कर कर दिया। छुट्टी के दौरान उसने घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया, दोनों 7वीं क्लास के छात्र हैं। दोनों के बीच पहले से लड़ाई-झगड़ा चल रहा था। बताया जाता है कि स्कूल में रिसेस के दौरान स्कूल से लगी बांसबाड़ी नर्सरी में हुई। छात्र ने पीड़ित के गले और चेहरे पर ब्लेड से वार किया और फरार हो गया। घायल छात्र को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है। हमला करने वाला छात्र स्कूल नहीं आया था। परिजनों का कहना है कि इससे पहले भी आरोपी छात्र ने उनके बच्चे से मारपीट की थी। उन्होंने बताया कि छात्र ने उसका छत्ता भी छीन लिया था, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि वह इस तरह की घटना को अंजाम देगा। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि हमलावर छात्र के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एचएसआरपी नहीं लगवाने वालों पर हुई कार्रवाई


**कोरबा।** वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगवाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने कार्रवाई तेज कर दी है। केंद्र सरकार द्वारा अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए सभी तरह के वाहनों में एचएसआरपी अर्थात हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया है। प्रदेश में कई माह से शासन द्वारा लगातार एचएसआरपी लगाने की मियाद बढ़ाई गई। बावजूद इसके बड़ी संख्या में वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने में कोताही बरत रहे हैं। जिले में ऐसे वाहन मालिकों के खिलाफ परिवहन विभाग अभियान शुरू करते हुए अलग-अलग चौराहों पर जांच कर कार्रवाई कर रही है। सीएसईबी चौक पर विभाग की उड़नदस्ता टीम ने जांच की, जिसमें ऐसे 50 वाहन पकड़े गए। टीम ने वाहन मालिकों पर अर्थदंड की कार्रवाई के साथ ही मौके पर एचएसआरपी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी पूरी कराई।

# नवनिर्मित कन्वेंशन हाल की फाल सिलिंग गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रिस्दी रोड में 17 करोड़ से लागत नवनिर्मित अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन हाल की फॉल सिलिंग भर-भराकर गिर गई। भवन का लोकार्पण बीते माह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था। इस घटना से एक बार फिर कन्वेंशन हाल के निर्माण की गुणवत्ता की पोल खुल गई है एवं निर्माण पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा हाल ही में लोकार्पित देवी अहिल्याबाई होलकर कन्वेंशन भवन की सीलिंग भरभराकर गिरने से न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर बल्कि शासन और प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भवन का निर्माण लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से किया गया था और इसे लोकार्पण के मात्र एक महीने बाद ही यह हादसा हो गया। इस कन्वेंशन भवन के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ राज्य सरकार के कई कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह भवन लंबे समय से निर्माणाधीन था, जिसे डीएमएफ से तैयार किया गया है। निर्माण को लेकर किस तरह की लापरवाही बरती गई है उसका परिणाम यह है कि लंबे समय से निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा था। ठेकेदार को कई बार इस संबंध में नोटिस जारी की गई, उसके बावजूद निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और हाल में हुई बारिश से फाल सिलिंग गिर गई।



नवनिर्मित हॉल की गिरी छत।

### निर्माण एजेंसी पर उठा सवाल

इस घटना से प्रशासन की निर्माण एजेंसी और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली को कठघरे में ला खड़ा किया है। विभाग के साइड इंजीनियर की जिम्मेदारी रहती है कि वह निर्माण कार्य का सतत निरीक्षण करें और उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री का अवलोकन करने के बाद ही गुणवत्ता का प्रमाण दें। किंतु जिस तरह से फाल सिलिंग गिरी है उससे लोक निर्माण के साइड इंजीनियर पर भी सवाल खड़े होते हैं।

# कुंए में मिली वृद्ध की लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जामकछार इलाके के बीजा ढोढी नाका कुंआ में ग्रामीण की डूबने से मौत हो गई है। शनिवार की सुबह उसका शव स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। मामले में कोरबी पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पोड़ी उपरोड़ा भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि जामकछार पंचायत के बोदलाभाठा क्षेत्र में यह घटना हुई। 62 वर्षीय करण सिंह ओडाली पिता स्व गनपत सिंह गोंड अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरा। बारिश की वजह से कुआं लबालब भरा था। परिजन बताते हैं कि कई घंटों तक करण सिंह दिखाई नहीं दे रहे थे तो परिजन ग्रामीणों के साथ खोजबीन करने लगे। तभी एक ग्रामीण ने कुंए में देखा कि कुंए में किसी व्यक्ति की लाश तैर रही है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान करण सिंह के रुप में की और इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना स्थल का अवलोकन करने के बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# बालको स्थित नेहरू गार्डन में मिला सांपों का राजा अहिराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के नेहरू उद्यान में जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग शाम को परिवार और मित्रों के साथ घूमने आते हैं, वहीं शुक्रवार शाम एक काले-पीले रंग का साँप दिखाई देने से लोगों में हलचल मच गई। उपस्थित एक सजग नागरिक ने तुरंत इसकी सूचना बालको के अनुभवी स्नेक रेस्क्यू टीनू आनंद को दी। सूचना मिलते ही टीनू आनंद कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे और अहिराज सर्प का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के पश्चात टीनू आनंद ने साँप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। उन्होंने वर्षा ऋतु में साँपों की सक्रियता को ध्यान में रखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही यह भी कहा कि यदि सांप काटने की घटना हो तो बिना देरी किए जिला अस्पताल जाकर तुरंत इलाज करवाना चाहिए।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

MARK OF EXCELLENCE
अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा वर्ल्ड-क्लास यूरोलॉजी एवं जनरल/लेप्रोस्कोपिक सर्जरी



यूरोलॉजी एवं यूरोसर्जरी
• यूरेथर की पथरी का बिना चीरे या छोटे से चीरे द्वारा दूरबीन से ईलाज।
• आधुनिक दूरबीन द्वारा छोटे से चीरे से गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL)
• लेजर मशीन द्वारा किडनी की पथरी का ईलाज
• प्रोस्टेट ग्रंथी का दूरबीन से ऑपरेशन (TURP)
• पेशाब नली की सिकुड़न का ईलाज।
• किडनी, पेशाब नली, पेशाब थैली के कैंसर का ईलाज।
जनरल/लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• हार्निया
• गॉलब्लेडर
• अपेन्डिक्स की लेप्रोस्कोपिक के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा
• अन्य जनरल सर्जरी के ऑपरेशन की सुविधा
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 ( C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### छग पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन प्रार्थना सभा भवन जल संसाधन परिसर में 13 जुलाई दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। अधिवेशन में आगामी तीन वर्षो के लिए एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए जीआर चन्द्रा, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ को निर्वाचन अधिकारी एवं पवन शर्मा, किशोर शर्मा को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अधिवेशन में प्रदेश के सभी जिलों से एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### उद्योग व्यापार कैरियर पर कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण विकास परिषद द्वारा 13 जुलाई को डीएलएस कालेज में उद्योग, व्यापार, कैरियर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इसमें स्टेट बैंक के अधिकारी, जिला उद्योग विभाग से संबंधित विशेषज्ञ द्वारा कार्य को सुलभ बनाने टिप्स दिए जाएंगे।

### बाल संप्रेक्षण गृह, दिव्यांग बच्चों के लिए रुपए जमा

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में अधिरोपित शास्ति की राशि को बाल संप्रेक्षण गृह एवं दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित संस्था में जमा करने हेतु आदेशित किया गया है। इसमें 11 सितंबर 2024 से 11 जुलाई 2025 तक विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में अधिरोपित शास्ति की रकम कुल रकम 4 लाख दो हजार रुपए राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित बाल संप्रेक्षण गृह एवं शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित बाल गृह में जमा किए जाने हेतु आदेशित किया गया है। इसमें दो लाख 6 हजार रुपए शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिये संचालित संस्था में तथा एक लाख उन्नासी हजार रुपए बाल संप्रेक्षण गृह में जमा किया जा चुका है। इस राशि का उपयोग उपरोक्त संस्था द्वारा बालकों के समुचित विकास हेतु शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ, खेल सामग्री और मानसिक विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में किया जाना है।

### पेड़ से टकराई स्कोर्पियो, युवक और किशोरी की मौत

अंबिकापुर। शुक्रवार की रात बनारस रोड में चठिरमा बेरियर के समीप तेज रफ्तार स्कोर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई घटना के दौरान वाहन में दो युवती और तीन युवक समेत 5 लोग सवार थे। सड़क दुर्घटना में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक किशोरी और एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात जशपुर जिले के जरिया निवासी 19 वर्षीय जतिन राज कुजूर आ. स्व.संतोष कुजूर, दरिमा चिता बहार निवासी 16 वर्षीया सरिता मिंज आ. तेजन राम, जयनगर रविन्द्रनगर निवासी 16 वर्षीया ख़ुशी शाह आ. खगेश शाह, बैकुंठपुर निवासी 17 वर्षीय अनुपम बड़ा आ. अजीत बड़ा व सीतापुर निवासी 17 वर्षीय अर्पित बड़ा स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 ईई 9601 से अंबिकापुर से बनारस रोड में चठिरमा की ओर जा रहे थे। इस दौरान चठिरमा बेरियर के समीप युवकों की तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा किसी तरह घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल जतिन व सरिता मिंज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया था जहां रात में उपचार के दौरान जतिन राज कुजूर की मौत हो गई।

# रुक गया अमेरी फाटक पर 11.50 करोड़ के अंडरब्रिज का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

11 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से अमेरी रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शुरु करने के बाद अचानक बंद कर दिया गया है। इसके तहत खोदाई और अन्य कार्यों की शुरुआत अमेरी की ओर से कर दी गई है। इस कार्य के बंद होने के कारण प्रतिदिन 10 हजार से अधिक राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है।

बिलासपुर से उसलापुर रेलवे स्टेशन के बीच चार रेल क्रासिंग तारबाहर, तिफरा, अमेरी और उसलापुर बनाए गए हैं, जिसमें से तारबाहर में रोड अंडरब्रिज, तिफरा में रोड ओवरब्रिज और उसलापुर रेलवे स्टेशन के पहले रोड ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया गया है। अमेरी रेलवे क्रासिंग पर कई सालों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ सेंट फ्रांसिस स्कूल से लेकर



अमेरी की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बने रेलवे फाटक से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक लोग आना-जाना करते हैं, जिसमें बच्चों के साथ कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और ग्रामीणों की संख्या काफी अधिक है। अमेरी रेल क्रासिंग बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बने रेल लाइन की प्रमुख लाइन में से एक है, जहां से प्रतिदिन 150 से अधिक मालगाड़ियों के साथ कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाता है। प्रतिदिन एक घंटे में ट्रेन गुजरने का आंकड़ा 5 से 10 का होता है, जिसके कारण फाटक ज्यादातर बंद रहते हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कई सालों से एक रोड अंडरब्रिज बनाने की मांग की जा रही थी, इसके लिए जोन मुख्यालय की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद रेलवे बोर्ड ने राज्य शासन की अनुशंसा के साथ 11 करोड़ 52 लाख रुपए में रोड अंडरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी है। करोड़ों रुपए की राशि की स्वीकृति वर्ष 2022-23 में मिल चुकी है, जिसकी शुरुआत रेल प्रशासन ने कर दी। एक साल पहले अंडरब्रिज बनाने की शुरुआत लाइन पार से की गई, लेकिन कुछ दिन पहले अचानक इस कार्य को बंद कर दिया गया है।

### बंद बेरियर के कारण प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं 10 हजार से अधिक राहगीर



#### स्कूली बच्चों को परेशानी

घुरु अमेरी से तिफरा तक शहर की आबादी का बड़ा हिस्सा इलाके में निवास करता है। सालों से अमेरी रेल क्रासिंग से गुजरना परेशानी का कारण बना है। फाटक जैसे ही खुलता है दो पहिया और चार पहिया वाहन के चालक हार्न बजाकर आगे बढ़ने कोशिश करते हैं। इससे काफी शोर होता है, जिसके कारण सेंट फ्रांसिस स्कूल के बच्चों और अस्पताल में भर्ती मरीजों को काफी परेशानी हो रही है।

#### पांच घंटे फंसे रहे लोग

अमेरी रेलवे क्रासिंग पर अंडरब्रिज का काम पूरा नहीं होने के कारण पब्लिक काफी परेशान हो रही है। शुक्रवार की दोपहर को भी क्रासिंग के दोनों ओर के बेरियर करीब पांच घंटे तक बंद रहे। इसकी वजह से घुरू अमेरी और सेंट फ्रांसिस की ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस कतार में बच्चों के साथ मरीजों, महिलाओं और वृद्धों की संख्या भी बहुत थी। पांच घंटे बेरियर बंद के दौरान कई लोग अपने वाहनो को बेरियर के नीचे से ले जाने की कोशिश भी करते रहे। इस दौरान उसलापुर आरपीएफ के स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का काम किया।

#### रेलवे कर रही पूरा काम

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में रेलवे और मार्च 2023 में राज्य शासन की मंजूरी के बाद रोड अंडरब्रिज के लिए 11 करोड़ 52 लाख रुपए सेंक्शन किए गए। इसमें लोक निर्माण के सेतु विभाग को 5.76 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके हैं। सेतु विभाग को यह राशि रेलवे के पास जमा करना है। इसके उपरांत रेलवे अंडरब्रिज का पूरा काम करेगी। इसके लिए रेलवे की ओर से ड्राइंग और डिजाइन पहले ही बना दी गई है।

#### अमेरी अंडरब्रिज निर्माण

जानकारी के अनुसार अमेरी अंडरब्रिज में चार मीटर चौड़ा और साढ़े चार मीटर ऊंचाई का बाक्स होगा। इस साइज का यह बाक्स दोनों ओर रहेगा, जिसके बीच में दीवार होगी। इस तरह अंडरब्रिज में एक ओर जाने का दूसरी ओर से आने का मार्ग रहेगा। यह सभी बाक्स 38 मीटर तक रहेंगे। मेन रोड तक एप्रोच रोड तक कुल मार्ग की लंबाई 272 मीटर होगी। अंडरब्रिज से टू व्हीलर के अलावा फोर व्हीलर व मेटाडोर गुजर सकेंगे। बारिश का पानी निकालने के लिए पंप लगाए जाएंगे ताकि आने-जाने वाले लोगों को परेशानी न हो सके। इसकी कुल लंबाई 272 मीटर, ऊंचाई 4.5 मीटर, कुल चौड़ाई 8 मीटर, कुल लागत 576.03 लाख है।

#### विभाग को दी जाएगी सूचना

अमेरी रेल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज के लिए राज्य शासन और रेलवे की ओर से राशि स्वीकृत कर दी गई है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया के बाद काम की शुरुआत कर दी गई है, ताकि क्रासिंग से आने-जाने वाले लोगों की परेशानी जल्द दूर हो सके। अगर वहां काम रूका है तो इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दी जाएगी।

**- अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### सड़कों पर जगह-जगह बने गड्ढे, उखड़ने लगी गिट्टी

# बारिश शुरू होते ही उधड़ने लगीं शहर की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसून की सक्रियता से झमाझम बारिश शुरू होते ही शहर की सड़कों की सूरत बिगड़ने लगी है। कई जगहों पर सड़कें उधड़ गई हैं और जगह-जगह गढ्ढे पड़ गए हैं। वहीं कुछ जगहों पर सड़क से गिट्टी निकलने लगी है। इन उधड़ी सड़कों पर लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

बरसात में सड़क खराब होना आम बात हो गई है, क्योंकि पहले की तरह अब मजबूत और टिकाऊ सड़क ही नहीं बनती है। सड़कों पर डामर के नाम पर केवल पोताई की जाती है, जिससे बरसात में लगातार दो-चार दिनों तक बारिश होने पर सड़क का डामर छोड़ देता है और सड़क उधड़ने लगती है उसमें से गिट्टी निकलने लगती है। इस बार भी बरसात लगने के बाद सप्ताहभर से लगातार और अच्छी बारिश हो रही है। इस शुरूआती बरसात ने ही शहर ही सड़कों का सूरत बिगाड़ दी है।



#### जूना बिलासपुर पार करना मुश्किल

जूना बिलासपुर क्षेत्र में हटरी चौक से गांधी चौक तक मुख्य सड़क बरसात में पूरी तरह से उधड़ गई है और सड़क में जगह-जगह गढ्ढा हो गया है। लोगों का इस सड़क से गुजरना दूभर हो गया है



और वाहन चालक बहुत संभलकर इस सड़क से गुजरते हैं। बरिश होने पर इन गढ्ढों पर पानी भर जाता था इसलिए फिलहाल सड़क के गढ्ढों पर जीरो गिट्टी भरी गई है।

#### इन सड़कों की हालत खराब

इसी तरह इंदिरा सेतु से कुदुदण्ड की ओर जाने वाली सड़क इस बरसात में खराब हो गई है। सड़क में जगह-जगह गढ्ढे नजर आने लगे हैं और पानी गिरने पर इन गढ्ढों में पानी भरा रहता है। लिंकरोड शहर का व्यस्तम मार्ग है, जिसमें कई जगहों पर सड़क में गढ्ढे हो गए हैं। सीएमडी कालेज चौक पास, पीजीबीटी कालेज से शिव टाकिज चौक के पास की सड़क खराब हो गई है। दयालबंद, अशोकनगर, मध्यनगरी चौक, सरकंडा क्षेत्र की सड़कें भी बरसात में खराब हो रही है।

#### पेंचवर्क कराया जा रहा

बरसात में पानी की वजह से सड़क खराब होती है और सड़कों पर गढ्ढा हो जाता है। खराब सड़कों का पेंचवर्क कराया जा रहा है और उन गढ्ढों को डब्लूएमएम करके भरा जा रहा है। जूना बिलासपुर वाली सड़क बनने वाला है और पीडब्लूडी से स्वीकृत भी हो गई है।

**- खजांची कुम्हार,** प्रभारी कमिश्नर, नगर निगम

#### खराब सड़कों को लेकर हाईकोर्ट ने मांगा है जवाब

खस्ताहाल सड़कों के मामले में संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई शुरू कर दी है और नगर निगम से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने सड़कों के मामले में शपथ पत्र पेश करने कहा है, क्योंकि शहर की कई सड़कें पहली बारिश में उधड़ने लगी है। इन खस्ताहाल सड़कों पर लोगों को आवागमन में बहुत समस्या होती है वहीं दुर्घटना का भय बना रहता है।

#### उधड़ने लगी चांटापारा की सड़क

नेहरू चौक से देवकीनंदन चौक की ओर जाने वाली मुख्य सड़क में सालभर पहले डामरीकरण किया गया था। लेकिन यह सड़क बारिश होने के साथ ही उधड़ने लगी है। कोन्हेर गार्डन के पास से लेकर चौक तक सड़क से डामर छोड़ने लगा है, जिससे सड़क की जीरो गिट्टी निकलने लगा है। जिस जगह पर सड़क उधड़ रही है वहां पर मौसम सूखा रहने पर वाहनों के गुजरने से डस्ट उड़ने लगता है। कुछ दिनों की बारिश के बाद सड़क में गढ्ढा भी होने लगेगा।



# पहली बारिश भी नहीं झेल पाई 83 लाख में बनी जनमन की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों को मूलभूत सुविधाएं और आवागमन के साधन उपलब्ध कराने के लिए शासन की ओर से तो पहल की जा रही है और करोड़ों रूपए की राशि जारी की गई है लेकिन निचले स्तर पर अधिकारी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का बुरा हाल कर रहे है। ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से 83 लाख रूपए की सड़क एक बारिश नहीं झेल सकी। बताया जा रहा है कि पीएम जनमन योजना के तहत विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलदगी से मुड़ापारा तक 83.93 लाख रूपए की लागत से 1.215 किमी सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग को सड़क निर्माण की जिम्मेदारी दी गई और विभाग द्वारा माय्पुर के ठेकेदार मेसर्स नित्यानंद सिंह को सड़क निर्माण का टेंडर दिया गया था। ठेकेदार द्वारा 83 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों को आवागमन की सुविधा प्रदान करने बनाई गई सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। 20 मार्च को सड़क का काम पूरा हुआ और निर्माण पूर्ण होने के तीन माह के बाद ही सड़क पहली बारिश नहीं झेल पाई और सड़क पर बड़ी बड़ी दरारें आ गई है। बारिश में सड़क के जर्जर होने से लोगों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने गुणवताहीन सड़क का निर्माण किया। सड़क निर्माण से पहले रिटेनिंग वाल का निर्माण नहीं कराया गया। रिटेनिंग वाल नहीं होने से मिट्टी कटाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में जब तक रिटेनिंग वाल का निर्माण नहीं कराया जाता है तब तक सड़क के टिकने की संभावना नहीं है। इस संबंध में लुंड्रा विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू ने बताया कि नव निर्मित सड़क में दरारें आ गई है। इस लापरवाही से विधायक प्रबोध मिंज को अवगत कराया गया है। विधायक ने एसडीओ को तत्काल सड़क सुधार करने और गुणवत्ताहीन कार्य की जांच के निर्देश दिए है।

> ■ बेलदगी से मुड़ापारा तक कराया गया है निर्माण, ग्रामीणों में रोष

## पुटुस झाड़ी में छिपाकर रखा था भरमार बंदूक, आरोपी युवक गिरफ्तार

राजपुर। 11 जुलाई को शंकरगढ़ पुलिस टीम थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में एक मर्ग जांच के लिए जोकापाठ क्षेत्र में गई हुई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव का राहू पहाड़ी कोरवा अपने घर में भरमार छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने एसपी वैभव बैंकर के निर्दश पर घेब्न्दी कर रामू पहाड़ी कोरवा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पुटुस झाड़ी में छिपाकर रखा हुआ एक नाल वाला भरमार बंदूक बरामद किया। युवक के पास भरमार कैसे पहुंचा फिलहाल युवक ने नहीं बताया है कि लेकिन संभावना है कि युवक भरमार बंदूक से जंगल में जंगली सूअरों का अवैध रूप से शिकार करने का काम करता था। पुलिस ने आरोपी जोकापाठ लालधरा निवासी 25 वर्षीय रामू पहाड़ी कोरवा आ. नान साय पहाड़ी कोरवा को 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भरमार को जब्त किया है।



### सिम्स में पहली बार ऐसा कमाल, पलक और तिरछेपन से मिली निजात

# आपरेशन से सुधरी युवक की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के नेत्ररोग विभाग ने कमाल कर दिखाया है। आंखों के तिरछेपन और बंद पलक की शिकायत लेकर सिम्स पहुंचे युवक को सिम्स के डाक्टरों ने बेहतर जिंदगी दी है। एक ही सफल आपरेशन कर युवक के आंखों को नई नजर दिला दी है।

बताया जा रहा है कि बेमेतरा से आए 21 वर्षीय युवक की दायीं आंख की झुकी हुई पलक और तिरछेपन की जटिल समस्या थी, यह जन्म से ही परेशानी बनी हुई थी। सिम्स ने युवक का आपरेशन कर इस समस्या से निजात दिलाई है। मरीज इलाज के लिए भटकर आस खो चुका था, उसे सिम्स में आशा नजर आई और सिम्स में इलाज के लिए पहुंचा। यहां नेत्र रोग विभाग की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभा सोनवानी एवं उनकी टीम द्वारा संपूर्ण जांच के बाद आपरेशन किया गया। ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, एक ही आंख में झुकी पलक और तिरछेपन का एक साथ इलाज किया गया। सिम्स के इतिहास में यह पहली बार था जब इस तरह का संयुक्त नेत्र ऑपरेशन किया गया। इस दौरान डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, एमएस डॉ. लखन सिंह, एचओडी डॉ. सुचित सिंह के निर्देशन और मार्गदर्शन में डॉ. प्रभा सोनवानी, डॉ. आरूषी शर्मा एवं डॉ. कुणाल सिंह ने आपरेशन किया।





ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और अब मरीज की आंख की पलक सामान्य हो चुकी है। साथ ही तिरछेपन में भी पूर्ण सुधार हो चुका है। जिससे मरीज को आत्मविश्वास मिला है।

#### निजी अस्पतालों में लाखों का खर्चा

खास बात यह है कि इस तरह का आपरेशन महज निजी अस्पतालों में ही मुहय्या हो पाता है, जटिल और गंभीर आपरेशन के लिए प्रशिक्षित डाक्टर और टेक्नीशियन की जरूरत पड़ती है।। सिम्स में यह कमाल कर दिखाया गया है, संसाधनों की कमी के बाजवूद आपरेशन किया गया है। ऐसे ऑपरेशन केवल निजी अस्पतालों में लाखों रूपए के भरोसे ही हो सकते हैं, जबकि सिम्स में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया गया है।

# गाड़ियां रोककर ड्राइवरों से गाली-गलौज

**बिलासपुर।** बिना अनुमति के टेंट लगाकर धरना देना व एनटीपीसी की गाड़ियों को रोककर ड्राइवरों से गाली गलौज कर टायर से हवा निकालने पर पुलिस ने धरना देने वाले 10 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है, इनमें से 7 लोगों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधित कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। वहीं टेंट को जब्त कर लिया गया है।

सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, विगत 3 दिन से क्षेत्रीय ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के द्वारा एनटीपीसी मटेरियल गेट के पास टेंट लगाकर बाहरी ट्रांसपोर्टर को बंद करने व क्षेत्रिय ट्रांसपोर्टर को काम देने व ओवरलोड बंद करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। धरना देने वाले एनटीपीसी से राखड़ लेकर निकलने वाली गाड़ियों को रोककर ड्राइवरों से गाली गलौज व ओवर लोड होने पर आरटीओ के माध्यम से कार्रवाई के लिए गाड़ी थाना भेजी जा रही थी। 11 जुलाई को एनटीपीसी के अधिकारी धरना स्थल पर जाकर आंदोलनकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। उसके बाद भी आंदोलनकारियों के द्वारा एनटीपीसी से निकलने वाले गाड़ियों को रोका जा रहा था। समझाइश के बाद भी आंदोलन समाप्त नहीं करने पर पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए बिना अनुमति के आंदोलन करने पर टेंट को उखाड़कर जब्त कर लिया।

> **10 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज**
> ■ 7 को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश
> ■ बिना अनुमति के धरना, टेंट उखाड़कर किया जब्त

ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर गंगाधर मांजरेकर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आंदोलनकारी 10 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 2, 191, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने क्षत्रित ट्रांसपोर्टर संघ के अध्यक्ष शत्रुघन लास्कर, हेमंत यादव, कृष्णा यादव, कल्लू जायसवाल, अभिषेक यादव, संतोष साहू को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप



### योग शिक्षक का किया गया सम्मान

**कोरबा।** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग शिक्षक संजय कुर्मवंशी एवं विनोद गुप्ता का सम्मान किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर योग शिक्षक संजय कुर्मवंशी एवं विनोद गुप्ता का साल व श्रीफल से सम्मान भाजपा मण्डल दर्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संजय कुर्मवंशी को उनके योग के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों के लिए शॉल, श्रीफल व सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता एवं योग प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने योग शिक्षक संजय कुर्मवंशी के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन भावनात्मक एवं प्रेरणादायक रहा, जिसमें गुरुओं की महिमा और उनके मार्गदर्शन की महत्ता को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, महामंत्री अंजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष होमलाल भारिया, कोषध्यक्ष मनोज वर्मा, पार्षद अजय चंद्रा, निशान्त देवांगन उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आप का विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** आम आदमी पार्टी के तत्वाधान में युक्तियुक्तकरण के विरोध में शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर विफल रही है युक्तियुक्तकरण के नाम पर हज़ारों स्कूलों को बंद कर देने के बाद कई स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं 63 हजार शिक्षकों के पदों को भरने में नाकाम रही है सरकार,नाकामी छुपाने 10 हजार स्कूल बंद कर दिया गया ताकि छत्तीसगढ़ के युवाओं को नौकरी नहीं देना पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण किया गया है युवाओं और छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आम आदमी पार्टी विरोध जताती है। आम आदमी पार्टी ने बताया कि सरकार के इस फैसले से अभिभावक और पंचायतें इस नीति का विरोध कर रहीं हैं 1 जुलाई 2025 को साझा शिक्षक संघ ने राज्यव्यापी हड़ताल की जिसमें राज्य के लगभग 2 लाख शिक्षक विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और संघ मानता है कि सरकार ने केवल कागज़ों में सुधार किया है, ज़मीनी हकीकत अनदेखी रह गई संघ ने मांग की कि शिक्षा व्यवस्था यदि सरकार नहीं सुधारती है तो वे आगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे वर्तमान में छत्तीसगढ़ की शिक्षा प्रणाली इस नीति से प्रभावित होकर बदहाल हो गयी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री आनंद सिंह, लोकसभा अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा, सचिव शत्रुघन साहू, लोकसभा कोषाध्यक्ष लहना सिंह, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) जग़लाल राठिया जिला सचिव रिचर्ड लोगन, (ग्रामीण) संतोष कुमार ग़बेल, कोषाध्यक्ष सोमराज, यूथ विंग जिला अध्यक्ष आजाद, गुरुवार सिंह बघेल, हरदेव सिंह, धर्मदास गांधी, सत्येंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

## जिले के मंदिरों में गूंज रहा हर- हर महादेव

# ग्राम नेवसा से सावन के पहले सोमवार पर 33 कांवड़ियों का जत्था बैजनाथ धाम के लिए रवाना



बाबा धाम के लिए कावड़ियों का जत्था हुआ रवाना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सावन का पवित्र माह प्रारंभ होते ही शिवभक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है। धार्मिक भावना के तहत जिले के ग्राम नेवसा से 33 कांवड़ियों का एक श्रद्धालु जत्था झारखंड के सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर बिहार स्थित प्रसिद्ध शिवधाम बाबा बैजनाथ धाम (देवघर) में जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ। सावन के पहले सोमवार के अवसर पर यह जत्था श्रद्धा, भक्ति और जोश से भरा नजर आया। कांवड़ यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में, बोल बम के जयकारों के साथ रवाना किया। इस धार्मिक यात्रा का उद्देश्य बाबा भोलेनाथ को गंगा जल अर्पित कर विश्व कल्याण और व्यक्तिगत मंगल की कामना करना है। इस अवसर पर साथ में मुकेश जयसवाल पूर्व जनपद सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत पाली आदि उपस्थित थे। सावन शुरु होते ही भोलेनाथ के भक्तों में बाबा वैद्यनाथ धाम में सुल्तान गंज से 120 किमी पैदल चलकर गंगा जल चढ़ाने और अपनी मनोकामना के लिए पहुंचते हैं। बोल बंम कांवरिया संघ हरदीबाजार के द्वारा बजरंग चौक सराईसिंगार संकटमोचन हनुमान मंदिर में मत्था टेक कर रवाने हुए जो 16 जुलाई को बाबा की नगरी पहुंच कर गंगा जल समर्पित करेंगे। इस जत्थे में विक्की जायसवाल,पंकज धुर्वा, सरपंच लोकेश्वर कंवर, युवराज सिंह कंवर, रमेश राठौर, बिट्टू धुर्वा, सूर्या यादव, सिद्धार्ध यादव, संजय केंवट, निरज जायसवाल शामिल हैं।

### हरदीबाजार से निकले अमरनाथ यात्री



श्रीअमरनाथ की यात्रा करने निकले हरदीबाजार का पहले जत्थे ने बुधवार को बाबा बर्फानी का साक्षात दर्शन किए इस जत्थे में निलेन्द्र राठौर, दुर्गेश डिक्सेना, सुनील जायसवाल, प्रताप कंवर, अंकुश जायसवाल ने बालटाल पहुंचकर 16 किलोमीटर की पैदल यात्रा खड़ी चढ़ाई को पार करते हुए बाबा अमरनाथ बर्फानी का दर्शन किया और क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



# डीएवी स्कूल में झूमकर नाचे बच्चे, मनाया वर्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी एमएमपीएस खरमोरा ने एलकेजी से कक्षा 2 के विद्यार्थियों के लिए बड़े उत्साह और उमंग के साथ वर्षा दिवस मनाया। विद्यार्थी और शिक्षक दोनों ही बेसब्री से बारिश का इंतज़ार कर रहे थे और मानसून के माहौल का आनंद लेने के लिए उत्सुक थे। इस अनुभव को और भी खास बनाने के लिए, विद्यार्थियों को घर से छाते और रेनकोट लाने के लिए कहा गया था। पूरे स्कूल को मानसून थीम पर खूबसूरती से सजाया गया था। कक्षाओं और बोर्डों पर वर्षा ऋतु को दर्शाती जीवंत कलाकृतियाँ सजाई गई थीं, जिससे एक खुशनुमा और जीवंत माहौल बना। हालांकि मौसम खराब होने के कारण बारिश नहीं हुई, फिर भी स्कूल ने उत्सव के उत्साह को कम न होने देने के लिए विशेष व्यवस्था की। एक कृत्रिम वर्षा व्यवस्था सफलतापूर्वक की गई। स्कूल के एक स्टाफ सदस्य ने छत से पानी के पाइप से पानी छिड़ककर एक मनमोहक फव्वारा जैसा प्रभाव पैदा किया। इससे बच्चों में असली मज़ा और उत्साह भर गया। उत्सव को और भी यादगार बनाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने तथा सभी कक्षा के शिक्षिकाओं ने अपने छात्रों के साथ इस आनंदमय कार्यक्रम का आनंद उठाया। छात्रों ने कृत्रिम बारिश में नृत्य किया, गीत गाए और खुशी से खेला, जिससे यह दिन सचमुच यादगार बन गया।

# पूर्व राजस्व मंत्री ने जटराज के निवासियों की बसाहट संबंधी समस्याओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल प्रबंधन द्वारा संचालित कुसमुण्डा कोयला खदान की विस्तार परियोजना के दायरे में आ रहे ग्राम जटराज (चन्द्रनगर) के प्रभावित परिवारों की समस्याओं और उनकी बसाहट के लिए प्रबंधन एवं प्रशासन द्वारा करवाई जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी लिया। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद प्रदेश सचिव विकास सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नत्थूलाल यादव पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोरबा शहर सपना चौहान, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद सुखसागर निर्मलकर के साथ ही अनेक पार्षदों व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री ने ग्रामवासियों से चर्चा के दौरान उन सभी की समस्याओं को विस्तार से जाना और समझा। ग्रामवासियों ने बताया कि लगभग 10 साल पहले जिन लोगों ने मुआवजा भुगतान प्राप्त कर लिया था उन परिवारों से यथायोग्य युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो गया है, जबकि दूसरी ओर जिन लोगों ने मुआवजा राशि का भुगतान नहीं प्राप्त किया था उन परिवारों के समक्ष गंभीर समस्याएं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जमीन कब्जाने गए प्रशासनिक अमले के साथ महाप्रबंधक कुसमुण्डा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि शेष बचे हुए 40 परिवारों के योग्य युवाओं को रोजगार दिलाया जायेगा लेकिन व अब अपने वायदे से मुकर रहे हैं। ग्राम जटराज के बाद जयसिंह अग्रवाल अपने साथियों के साथ कुसमुण्डा क्षेत्र पहुंचे जहां पूर्व पार्षद बसंत चन्द्रा और अन्य लोगों ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात करवाया और प्रशासन द्वारा गिराए गए घरों को भी दिखाया। विगत दिनों प्रशासन द्वारा 11 लोगों के घरों को उजाड़ा गया था। वहां के निवासियों ने निवेदन किया था कि बरसात तक का समय उनको दे दिया जाए लेकिन प्रशासनिक अमला राजी नहीं हुआ और उनके घरों को धराशायी कर दिया गया। कुसमुण्डा क्षेत्र में निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज की जद में आने वाले मकानों को भरी बरसात में तोड़ा गया है। कुसमुण्डा महाप्रबंधक के साथ ही एसडीएम, तहसीलदार और कुसमुण्डा टीआई ने बलपूर्वक 11 लोगों के मकान तोड़ने हेतु दबाव बनाया। आवासहीन हो चुकी सिंधु जायसवाल ने बताया कि कुसमुण्डा महाप्रबंधक द्वारा उन सभी को आश्वासन दिया गया था कि उन्हे रहने के लिए किराए पर आवास सुविधा एसईसीएल द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी लेकिन अभी तक ऐसी कोई बात नहीं हुई है।

# प्रशासनिक लागत से कम खर्च में गुणवत्तायुक्त निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

**खास बात**

- कटघोरा के नगर के पुष्पवाटिका एवं चौपाटी निर्माण का मामला



नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा नगर के सौंदर्यीकरण एवं आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुष्पवाटिका एवं चौपाटी का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम न केवल सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, बल्कि इसमें प्रशासकीय स्वीकृति से कम लागत में गुणवत्तापूर्ण कार्य कर शासन की राशि की बचत का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। पुष्पवाटिका गार्डन के उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु 79.36 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति डीएमएफ मद से प्राप्त हुई थी। इस कार्य के लिए विधिवत निविदा आमंत्रित की गई, जिसमें ठेकेदार द्वारा 21 प्रतिशत नीचे दर पर कार्य की स्वीकृति दी गई। परिणामस्वरूप यह कार्य केवल 62.69 लाख रुपये की लागत में सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार पुष्पवाटिका के सामने स्थित चौपाटी निर्माण कार्य हेतु 25.55 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया के तहत ठेकेदार ने 24.03 प्रतिशत दर पर कार्य करना स्वीकार किया। इस तरह चौपाटी निर्माण मात्र 19.41 लाख रुपये में पूर्ण किया गया। इन दोनों कार्यों को निर्धारित प्राक्कलन एवं गुणवत्ता के अनुसार निष्पादित किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कार्यों में कोई भ्रष्टाचार संभव नहीं है। इसके उलट, प्रशासकीय स्वीकृति से कम लागत में कार्य कर शासन की राशि की बचत सुनिश्चित की गई है। जहां चौपाटी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, वहीं पुष्पवाटिका में कुछ शेष कार्य जैसे कार्पेट घास बिछाना, पैगोड़ा की रंगाई-पुताई, चेयर एवं डस्टबिन की स्थापना आदि शेष हैं, जिन्हें शीघ्रता से पूरा किया जाएगा। पुष्पवाटिका के लोकार्पण से पूर्व आम जनता इसके बंद रहने के कारण वापस लौट जाया करती थी, जिससे इसे शीघ्र प्रारंभ करना अति आवश्यक हो गया था। अब इसके लोकार्पण से लोगों को सुगमता से इसकी सुविधा मिल रही है।




## कोरबा मार्केट




### बेरोजगार युवाओं के लिए सुरक्षा गार्ड की प्रशिक्षण शुरू




**कोरबा।** कृष्णा गौतम सिक्युरिटी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित कर सुरक्षा गार्ड प्रोवाइड करने का काम प्रारंभ किया। कृष्णा गौतम सिक्युरिटी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा नीजी सुरक्षा अभिकरण अनुज्ञप्ति (सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए) छत्तीसगढ़ शासन से दिनांक 30 जून 2025 को प्राप्त कर लिया है। निजी सुरक्षा अभिकरण नियम-5 सुरक्षा गार्डों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम न्यूनतम 20 कार्य दिवसों की अवधि में दिया जाने वाला न्यूनतम 100 घंटे की कक्षा में निर्देश तथा 60 घंटे का फिल्ड प्रशिक्षण होगा। भूतपूर्व सैनिकों और पुलिस कर्मियों को केवल संघनित पाठ्यक्रम न्यूनतम 40 घंटे कक्षा में निर्देश और 16 घंटे फील्ड प्रशिक्षण होगा जो 7 कार्य दिवसों में होगा। कृष्णा गौतम सिक्युरिटी सर्विस के डायरेक्टर श्री कृष्ण बी गौतमे, श्री शंकर पुरी के द्वारा कहा गया कि आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता, प्रशिक्षित सिक्युरिटी गार्ड के लिए मोबाइल 83198 96813 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। Advt.






## खबर संक्षेप

### चौक चौराहों में मवेशियों के बैठने लड़ने से लोगों को जान का खतरा

**कोरबा।** शहर की सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी इन दिनों वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या जिला मुख्यालय की सड़कों पर साफ दिखाई दे रही है। बरसात शुरू होने के बाद सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है। शहर के पावर हाउस रोड, बुधवारी बाजार, आईटीआई-वीआईपी मार्ग, घंटाघर, सुभाष चौक, कोसाबाड़ी, रजगामार, इतवारी बाजार, सीतामणी सहित अन्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। सर्वमंगला पुल से लेकर कुसमुंडा चौक, राताखार बायपास, तुलसी नगर मार्ग, बुधवारी सहित अन्य बायपास मार्ग पर भी बीच सड़क पर मवेशी बैठे रहते हैं।पिछले दिनों निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने कहा था कि सड़क के आसपास में मौजूद मवेशियों के मामले में उनके पालको के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी, लेकिन समस्या उन मामलों में आ रही है जो मवेशी लावारिस है या स्थिति बिगड़ने पर ऐसे मवेशियों को लावारिस बता दिया जाता है। वहीं दूसरी नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम के द्वारा शहर की सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले छह दर्जन से अधिक मवेशियों को सड़क से उठाकर गोकुल नगर पहुंचाया गया है, निगम के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि निगम द्वारा प्रतिदिन यह कार्यवाही की जा रही है,सड़कों से मवेशी उठाने के दौरान वहां पहुंचने वाले संबंधित पशुपालकों को कड़ी समझाइए भी दी जा रही है कि मवेशियों को सड़कों पर खुला ना छोड़े।

### ऐतमानगर बांगो में कृषक संगोष्ठी आयोजित



**कोरबा।** राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस के अवसर पर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र ऐतमानगर बांगो में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत पौड़ी उपरोड़ा के अध्यक्ष श्रीमती माधुरी तंवर, जनपद सदस्य आयुष सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र कटघोरा के मछली पालन के वैज्ञानिक श्रीमती सुलोचना भूमिया, कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अखिलेश देवांगन, मत्स्य बीज प्रक्षेत्र महासंघ के वरिष्ठ प्रबंधक तंजिया उपस्थित थे उनके द्वारा प्रक्षेत्र का अवलोकन भी किया गया एवं उपस्थित मत्स्य कृषकों से परिचर्चा हुई।

### बांस के जंगल को खतरा, सड़कों और बाजारों में बिक रहा करील

**कोरबा।** वन विभाग की सख्त रोक और चेतावनी के बावजूद शहर की सड़कों और सब्जी बाजारों में खुलेआम करील की बिक्री जारी है। बांस की नई कोपलों को करील कहते हैं, जो जून से अगस्त के बीच बांस के झुरमुटों में उगती हैं। इन कोपलों से ही बांस के नए पौधे विकसित होते हैं, इसलिए इनकी कटाई और बिक्री पर वन विभाग ने सख्त प्रतिबंध लगाया है। बावजूद इसके व्यापारी चोरी-छिपे इन कोपलों की कटाई कर रहे हैं और बाजारों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। कोटा, मरवाही, रतनपुर, कटघोरा और पाली के वनांचलों से बड़ी मात्रा में करील लाया जा रहा है। स्थानीय बाजारों में इसकी भारी मांग और ऊंचे दामों के कारण व्यापारी हर जोखिम उठाकर भी इसे बेचने में जुटे हुए हैं।सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि करील को ताज़ा और आकर्षक बनाए रखने के लिए इसे चूना पानी में डुबोया जा रहा है। इससे यह प्राकृतिक रंग की जगह सफेद दिखाई देता है और इसकी उम्र 2-3 दिन से बढ़कर 6-7 दिन तक हो जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, चूना मिला करील स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है और इसे खाना खतरनाक हो सकता है।

### कॉलेजों के 6890 सीटों में महज 700 दाखिला

**कोरबा।** जिले में अटल बिहारी बाजपेई यूनिवर्सिटी से सबद्ध कुल मिलाकर 24 कॉलेज हैं। इनमें से 15 सरकारी और 9 निजी कॉलेज हैं। सभी को मिलाकर बीए, बीएससी, बीकॉम और बीसीए की कुल 6890 सीट उपलब्ध हैं। ज्यादातर कॉलेजों में परंपरागत डिग्री की पढ़ाई होती है। जबकि कुछ कॉलेजों में प्रोफेशनल पाठ्यक्रम बीसीए भी उपलब्ध है। सरकारी कॉलेज में अब तक लगभग 500 बच्चों ने प्रवेश लिया है, जबकि निजी कॉलेजों की हालत और खराब है। यहां लगभग 180 से 200 बच्चे ही अब तक प्रवेश लिए हैं। कॉलेज प्रबंधन एडमिशन लेने वाले बच्चों के इंतजार में है। सभी उम्मीद कर रहे हैं, कि मानसून के सीजन के बाद या अंतिम तिथि करीब आते बच्चे कॉलेज की दौड़ लगाएंगे। स्कूल की पढ़ाई समाप्त करने के बाद उच्च शिक्षा की दहलीज पर खड़े छात्र कालेज में दाखिले को लेकर रूचि नहीं दिखा रहे हैं। वर्तमान में हालात यह है कि जिन बच्चों के नाम मेरिट सूची में दर्ज हैं वह प्रवेश नहीं ले रहे हैं और जिनके नाम सूची में नहीं है वह रोज कॉलेज के चक्कर लगा रहे हैं। डिग्री कॉलेज में प्रवेश की स्थिति बेहद दयनीय है। हालत यह है कि सूची जारी होने के बाद भी लगभग 90 प्रतिशत खाली रह गई है। पहली मेरिट सूची से प्रवेश करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई थी। 9 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। दूसरी मेरिट सूची में जिन छात्रों का नाम है उन्हें महाविद्यालय पहुंचकर प्रवेश लेने के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया गया है। सीट खाली रहती है तो इसके बाद तीसरी सूची में जारी की जाएगी।

### जिला मुख्यालय और पोड़ी ब्लॉक में अधिकारियों की ली बैठक

# सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाने जमीनी स्तर पर सुधार के राज्यपाल ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जिला और पोड़ी उपरोड़ा मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाने और जमीनी स्तर पर योजनाओं के सुधार करने के साथ जरुरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोड़ी ब्लॉक में भारत नेट और पीएम आवास के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को बढ़ावा देने के दिशा में कार्य करें।

**खास बात**

- परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए शिक्षा में सुधार की जताई आवश्यकता

आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्होंने ने आकांक्षी ब्लॉक के लिए निर्धारित इंडीकेटर्स में सेचुरेटेड के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य योजनाओं के संबंध में कहा कि आयुष्मान के माध्यम से टीबी हाईपर टेंशन, डायबटीज के मरीजों की पहचान कर रोकथाम के लिए जागरुकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित क्षेत्रों के बच्चों को पूरक पोषण आहार देते हुए उन्हें सुपोषित बनाने के भी निर्देश दिए। शाला त्यागी बच्चों के संबंध में उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे जो स्कूल छोड़ चुके हैं उन्हें विभाग शिक्षा से जोड़े और 60 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों की संख्या को बढ़ाया जाए। जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण पर उनका कहना था कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दिया जाए। राज्यपाल ने मनरेगा के तहत निर्मित अमृत सरोवर, डबरी, तालाब में जल की सतत उपलब्धता के संबंध में कहा कि मानसून के पहले और बाद जलभराव के स्थिति का आंकलन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण से जोड़ा जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को बढ़ावा देने तथा अध्ययन का माहौल विकसित करने के लिए सामुदायिक भवन और लाइब्रेरी स्थापना पर जोर दिया। परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए पालक शिक्षक मीटिंग लेने के अधिकारियों को दिए।




विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते राज्यपाल श्री डेका।

#### जिला पंचायत परिसर में किया पौधरोपण



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री रामेन डेका ने जिला पंचायत परिसर में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत बादाम के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी नागरिकों से अपने आस-पास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की अपील की। एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना है। इसी तरह एकलव्य विद्यालय में राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

#### सड़क दुर्घटना को रोकने जुर्माना विकल्प नहीं

जिला मुख्यालय में बैठक लेते हुए महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने कोरबा जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने और यातायात को बेहतर बनाने के लिए केवल जुर्माना ही विकल्प नहीं है। लोगों का जीवन अनमोल है और जीवन के रक्षा के लिए जागरुकता भी जरुरी है। जागरुकता का ही परिणाम कि ये लोग अब शौचालय का उपयोग करने लगे हैं। यातायात जागरुकता के लिए राज्यपाल के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को जागरुकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ कुमार निशांत, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित कोरबा एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और सरपंचों से की मुलाकात



राज्यपाल का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रामेन डेका ने कोरबा जिले के आकांक्षी ब्लाक कोरबा और पोंड़ीउपरोड़ा के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर महत्वपूर्ण इंडिकेटर की समीक्षा करने के साथ-साथ क्षेत्र के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और सरपंचों से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप निर्वाचित जन प्रतिनिधि हैं और गांव व अपने क्षेत्र से सीधे जुड़े होते हैं, आप प्रथम स्तंभ हैं इसलिए आपको चाहिये कि आप अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान रखकर योजना बनाएं, जो भी समस्याएं हैं उनको चिन्हांकित करें और आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कलेक्टर से मिलकर उनसे चर्चा करें। राज्यपाल ने कहा कि 15 वें वित्त से प्राप्त होने वाली राशि का सदुपयोग गांव के विकास के लिए किया जाये। उन्होंने निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने गांव से जुड़कर रहें और नजर रखें कि जिन उद्देश्यों के लिए गांव में योजना का क्रियान्वयन हुआ है उसका संचालन सही ढंग से हो रहा है या नहीं। उन्होंने गांव में स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और असाक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने तथा पीएम आवास योजना अन्तर्गत हितग्राहियों को आवास निर्माण समय पर पूरा करने के लिये जन प्रतिनिधियों की भूमिकाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रोत्साहित किया।

### हसदेव अरण्य के किसानों ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** सरगुजा और सुरजपुर जिले में स्थित हसदेव अरण्य क्षेत्र के किसानों ने राज्यपाल रमेन डेका के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड पहुंचने पर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बिना ग्राम सभा के सहमित पेड़ों की कटाई और जमीन में जबरन कब्जा कर किए जा रहे खनन को रोकने की मांग की है। राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में प्रभावित किसानों ने बताया कि उनके गांव में आबंटित परसाकोल ब्लॉक का ग्राम सभाएं बीते दस वर्षों से विरोध करते आ रही है लेकिन उसके बावजूद हमारे प्रस्ताव को शासन प्रशासन के द्वारा दरकिनार कर दिया गया और आडानी कंपनी के द्वारा 2018 से ग्राम सालही, हरिहरपुर, फतेहपुर के फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर परियोजना के लिए वन स्वीकृति हासिल की है जिसकी शिकायत कलेक्टर एवं राज्यपाल तक की गई है।

# चिकित्सक रहती है नदारद, ग्रामीणों का नहीं हो रहा है उपचार, हुई शिकायत



हरदीबाजार स्थित स्वास्थ्य केन्द्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदीबाजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जहां लगभग एक वर्ष पूर्व नये एमबीबीएस डॉ प्रकृति की पदस्थापना हुई है तब से उनकी उपस्थिति कम वे संस्था से नदारद ज्यादा रही है, इसकी शिकायत आम आदमी जो ईलाज कराने आ रहे हैं वे भी कह रहे है और पुलिस थाना हरदीबाजार के कर्मचारी भी कह रहे हैं,हाल ही लीलागर नदी में बह कर सुकालू पटेल की मौत हुई जिसके पोस्मार्टम के लिए हरदीबाजार डॉ से संपर्क किया गया तो बाहर होने का बहाना बना दिया गया अंत में 30 किमी दूर पाली से डाक्टर श्री भगत को बुलाकर पोस्मार्टम कराया गया तब जाकर परिजनो ने अंतिम संस्कार किया,आज गुरुवार को दो बाईक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई एक गंभीर रुप से घायल जिसके उपचार के लिए भी डाक्टर की अनुपस्थिति रही ,उक्त मरीजों का ईलाज और अस्पताल के संभाले सहायक चिकित्सक डॉ युधेश सांडे भी अकेले असाहय लग रहे हैं । इससे पूर्व सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ ए एन कंवर की सेवा काल को लोग याद कर आज की हाल स्थिति देख ऐसे ही डाक्टर की जरूरत महसूस कर रहे है।

#### स्पष्टीकरण मांगा गया है

हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ प्रकृति के संबंध में ग्रामीणों से शिकायत मिली थी उसके आधार पर उन्हें नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

-डॉ, अनिल शर्राफ, पाली बीएमओ

# ज्वाइनिंग नहीं करने वाले चार अतिशेष शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत पोस्टिंग किए गए स्थान पर ज्वाईनिंग नहीं करने वाले चार सहायक शिक्षकों के खिलाफ शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर के निर्देश पर निलंबन की कार्यवाही की है। ये चारों शिक्षक पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के हैं जिन्होंने 10 जुलाई तक अपनी पदस्थापना वाली स्कूल में ज्वाईनिंग नहीं दी थी।

**खास बातें**

- 17 जून तक ज्वाइनिंग के दिए गए थे निर्देश
- युक्तियुक्तकरण नीति के तहत पहली कार्यवाही

जून महीने के प्रथम सप्ताह में शासन के युक्तियुक्तकरण के नीति तहत 537 सहायक शिक्षक और व्याख्याता की पोस्टिंग की गई थी इसके लिए विभाग ने लगातार चार दिन काउंसलिंग की प्रक्रिया अपनाई थी। इस प्रक्रिया के बाद जब शिक्षकों को पदस्थापना आदेश जारी किए गए तो 105 शिक्षकों ने कोर्ट की शरण ली जहां से उनके प्रकरणों को जिला मुख्यालय भेजते हुए जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित होकर निराकरण के निर्देश दिए थे। जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर शिक्षकों ने अपना अभ्योदन दिया था। जिसे कमेटी ने तर्क संगत न मानते हुए अमान्य कर दिया और ज्वाईनिंग के निर्देश दिए। इसके बावजूद शिक्षकों ने अपनी पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं दी। इस दौरान राज्य शासन की ओर से आदेश जारी किया गया कि ज्वाईनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों के खिलाफ वेतन काटने जैसे बड़ी कार्यवाही की जाए। इस कार्यवाही के तारतम्य में शनिवार को प्राथमिक शाला के चार शिक्षकों पर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

#### इनके खिलाफ हुई कार्रवाई

अजय कुमार कश्यप प्राथमिक शाला कारीछापर पाली ब्लॉक शामिल है। जिनका स्थानांतरण पोड़ी ब्लॉक तनेरा प्राथमिक शाला किया गया था। इसी तरह मसूर अहमद सिद्दिकी प्राथमिक शाला अमराईपारा का स्थानांतरण प्राथमिक शाला कुदरीकला पोड़ी ब्लॉक किया गया था। श्रीमती पुष्पा कुमारी कंवर प्राथमिक शाला चर्रापारा पोड़ी ब्लॉक का स्थानांतरण प्राथमिक शाला पोड़ी उपरोड़ा किया गया था। वहीं श्रीमती मंजू धृतलहरे प्राथमिक शाला मानस नगर कोरबा का स्थानांतरण प्राथमिक शाला भुभकीपारा पोड़ी ब्लॉक किया गया था। ये चारों शिक्षकों ने अपने पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं दी थी।

#### शासन के आदेश पर कार्रवाई

युक्तियुक्तकरण के तहत जिन शिक्षकों की पदस्थापना की गई है अगर वह अपने पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं देते हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही के शासन द्वारा आदेश दिए गए हैं। उसी तारतम्य में इन चार शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

#### प्रधानपाठक को नोटिस जारी

दादरखुर्द पूर्व माध्यमिक शाला में दो छात्रों के बीच विवाद होने के दौरान एक छात्र के घायल होने और अस्पताल में उपचार किए जाने के मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रभारी प्रधानपाठक लता जायसवाल को नोटिस जारी की है। जिसमें विद्यालय में अनुशासन एवं छात्रों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। जारी किए गए नोटिस में शासकीय स्कूलों के प्रति आमजनों में इस घटना से रुचि में कमी आएगी एवं इस तरह के घटना से विभाग की छवि धूमिल होगी।

# हाईब्रीड बीज के प्रति किसानों का बढ़ रहा है रूझान, विभाग का मैदानी अमला है सुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में खेती किसानी का दौर अच्छी बारिश होने के कारण जोर पकड़ लिया है। इसके पूर्व किसानों धान बीज का उठाव सहकारी समितियों से किया है

**खास बातें**

- कम समय में कम पानी पकने वाली फसल है हाईब्रीड धान बीज
- कृषि विभाग सहकारी समितियों धान बीज का का करा रहा है भंडारण

लेकिन जो रिकार्ड सामने आ रहा है कि उससे यह जानकारी मिलती है कि किसानों का रुझान हाईब्रीड धान बीज की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सौ में 60 प्रतिशत बीज का ही उठाव करते हैं शेष 40 प्रतिशत बीज मार्केट से किसान खरीद रहे हैं। हाइब्रीड धान बीज को लेकर किसानों में रुझान बीते कुछ वर्षों से बढ़ा है। इसका मुख्य कारण कम समय में धान की फसल तैयार हो जाती है और इसमें पानी की भी कम जरुरत पड़ती है। हालांकि कि कृषि विभाग शासन से मिलने वाले धान बीज का भंडारण सभी सहकारी समितियों में कराते आ रहा है। किसान भी समितियों से धान बीज का उठाव तो कर रहे हैं किंतु उनका रुझान हाईब्रीड धान के प्रति तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में अप्रैल माह से धान बीज का उठाव शुरु हो गया था। जो मानसून आने के पूर्व पूरा हो चुका है। इसके साथ ही किसान खेती किसानी की तैयारी में जुड़ गए हैं। धान बीज की उठाव जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार प्रत्येक समिति से किसान 60 प्रतिशत धान बीज का उठाव कर रहे हैं। समिति प्रबंधकों ने इस बात को स्वीकारा है। उनकी मानें तो शासन से मिलने वाले धान बीज का उठाव और ज्यादा रुचि नहीं लेते मार्केट से हाईब्रीड धान बीज की खरीदी करते हैं और उससे ही समितियों में बेचने भी आते हैं।



#### गर्मी में भी हाईब्रीड बीज से फसल

कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता होने के कारण किसान हाईब्रीड धान की फसल लेते हैं चूंकि सरकार गर्मी की फसल नहीं खरीदती लिहाजा किसान गर्मी की हाईब्रीड धान की फसल को धान खरीदी सीजन के दौरान खरीफ सीजन में तैयार हुई धान के फसल के साथ मिलाकर बेच देते हैं जिससे यह भी समझ नहीं आता कि डलवा धान है या खरीफ की फसल का।

#### मैदानी अमला भी नहीं करता सर्वे

कृषि विभाग के मैदानी अमले के द्वारा खेती में नई तकनीक उपयोग करने के संबंध में किसानों में जागरुता लाने का काम करता है किंतु किसान हाईब्रीड धान की फसल को जिस तेजी से कर रहे हैं उसका सर्वे भी विभाग का अमला नहीं करता और इसकी भी रिपोर्ट विभाग के अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती जिससे हाईब्रीड धान के उपयोग को रोकने के संबंध में कोई बड़ी पहल भी नहीं हो पाती।

### विद्युत सब स्टेशन से कॉपर वायर की चोरी

**कोरबा।** बिजली वितरण कंपनी के कटघोरा डिविजन के अंतर्गत लाद कोरबी स्थित विद्युत सब स्टेशन से चोर ने कॉपर वायर की चोरी कर ली। जूनियर इंजीनियर की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में अपराध पंजीकृत किया है और जांच कर रही है। कोरबी पुलिस ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कंपनी का सब स्टेशन है, जहां पर यह घटना हुई। बताया गया कि स्टेशन के अंदर मौजूद ट्रांसफार्मर में प्रयुक्त होने वाले कीमती कॉपर वायर की काफी मात्रा की चोरी कर ली गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411